

# बोलेरो में मिले 19 .49 लाख रुपए आयकर विभाग कर रहा पड़ताल

- गोल्डन केमिकल की बताई जा
- रही है संपूर्ण राशि

**उज्जैन/महिदपुर। बोलेरो में बड़ी मात्रा में नगद राशि का परिवहन होने की खबर पर पुलिस ने बोलेरो को रोका तो उसमें से 19.49 लाख रुपए बरामद हो गए। पुलिस ने मामले की सूचना आयकर विभाग को दी है। आयकर विभाग मामले में जांच कर रहा है।**

महिदपुर रोड थाना पुलिस ने बताया कि दो मीडिया कर्मियों से सूचना प्राप्त हुई कि नागदा रोड स्थित शनि मंदिर के पास एक बोलेरो वाहन में बड़ी मात्रा में संदिग्ध नगदी राशि परिवहन की जा रही है। सूचना पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए आयकर विभाग को तत्काल अवगत कराया गया तथा पुलिस मौके के लिए रवाना की गई। नागदा रोड स्थित शनि मंदिर के पास पहुंचकर वाहन क्रमांक एमपी-13-झेड़के-2554 महिन्द्रा बोलेरो के चालक से पूछताछ की गई। जिसका नाम हरीश निवासी नागदा तथा साथ बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सुनील उर्फ प्रदीप पोरवाल निवासी नागदा बताया। सुनील उर्फ प्रदीप पोरवाल के कब्जे में एक काले रंग का बैग मिला, जिसमें सुनील द्वारा नगदी राशि होना बताया गया। पुलिस द्वारा बोलेरो महिंद्रा गाड़ी और बैग की वीडियोग्राफी कराई गई। बैग में रखे 500, 200, 100 रुपया के कुल 4428 नोटों को गिना गया जो कुल 19,49,500 निकली। पूछताछ के दौरान वाहन चालक द्वारा उक्त राशि के संबंध में कोई जानकारी नहीं होना बताया गया। वहीं बैग धारक सुनील उर्फ प्रदीप पोरवाल द्वारा उक्त राशि महिदपुर निवासी अल्पेश जैन से लेकर नागदा स्थित गोल्डन केमिकल ले जाना बताया गया। किन्तु नगदी राशि के संबंध में कोई वैध दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं किए।

### जमीन के सौदे की बताई उक्त राशि

सूचना पर एसडीओपी जेंडेंन लिंगजरपा भी मौके पर पहुंचे एवं संपूर्ण घटनाक्रम की बारीकी से जांच एवं पूछताछ की गई। सुनील ने उक्त राशि गोल्डन केमिकल के मालिक त्रिवेदी और अल्पेश जैन के बीच हुए ज़मीन के सौदे की राशि त्रिवेदी से नागदा से लेकर अल्पेश जैन को देने महिदपुर जाना बताया और दोनों के बीच सौदे को लेकर विवाद होने के कारण महिदपुर से वापस राशि नागदा त्रिवेदी के पास ले जा रहे थे। संदिग्ध परिस्थितियों में नगदी राशि चोरी की संपत्ति अथवा किसी अपराध से संबंधित होने की आशंका के आधार पर विधिवत जब्ती की कार्रवाई की गई। नगदी को सीलबंद कर थाना मालखाना में सुरक्षित जमा कराया गया तथा वाहन को सीसीटीवी निगरानी में सुरक्षित रखा गया। आयकर विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# शहर में 3 लाख गड्ढे खोदे, 10 लाख पौधे रोपेंगे

## धरती का गहना बनेंगी हरियाली, स्वच्छता अभियान भी जोरों पर, मिलेगी प्राण वायु

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी में जहां महाकुंभ की तैयारी चल रही है वहीं पर्यावरण से जुड़े प्रकल्पों पर भी काम करना प्रारंभ कर दिया गया है, नगर निगम के माध्यम से तीन लाख गड्ढे खोदे जा रहे हैं। जिसमें 10 लाख पौधे लगाए जाएंगे सिंहस्थ से पहले उज्जैन को ग्रीन सिटी क्लीन सिटी में तब्दील किया जा रहा है। स्वच्छता अभियान भी इसी के साथ-साथ चलाए जा रहा है।

बदलते मौसम, बढ़ते प्रदूषण और घटती हरियाली के बीच अब शहर को फिर से हरा-भरा बनाने की बड़ी तैयारी शुरू हो गई है। नगर निगम ने उज्जैन को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से 10 लाख से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। निगम का मानना है कि पौधे केवल हरियाली नहीं देते, बल्कि यही जीवन, ऑक्सीजन और प्राण वायु का सबसे बड़ा स्त्रोत हैं।

वर्षा ऋतु प्रारंभ होते ही व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान शुरू किया जाएगा। इसके लिए अभी से अधिक से अधिक गड्ढों की तैयारी की जाए। अभियान में नगर निगम के साथ सामाजिक संस्थाएं, पर्यावरण प्रेमी, वृक्ष मित्र, शासकीय कार्यालय और आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। अपर आयुक्त पवन सिंह ने यह भी कहा कि लगाए जाने वाले सभी पौधों की जियो टैगिंग की जाए ताकि उनकी निगरानी और संरक्षण सुनिश्चित हो सके। साथ ही अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कर नागरिकों को पौधे लगाने और उनकी देखभाल के लिए प्रेरित किया जाएगा।




### ऑक्सीजन और हरियाली की अपर आयुक्त ने की विभागीय समीक्षा

धरती का वास्तविक गहना पौधे ही हैं। पेड़ों से मिलने वाली ऑक्सीजन मानव जीवन की आधारशिला है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, तापमान कम करने, वर्षा चक्र को मजबूत करने और प्रदूषण घटाने में पौधों की सबसे बड़ी भूमिका होती है। जिस शहर में अधिक हरियाली होती है वहां का वातावरण अधिक शुद्ध, स्वस्थ और जीवनदायी माना जाता है। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया की निगम द्वारा वर्तमान में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 3 लाख से अधिक गड्ढे तैयार किए जा चुके हैं। इसके साथ ही ऐसे स्थानों का चयन भी किया गया है जहां बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जा सके। शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में अपर आयुक्त योगेंद्र सिंह पटेल की उपस्थिति में उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें आगामी पौधारोपण कार्यक्रम और कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में सहायक आयुक्त पवन कुमार फुलफकीर, कार्यपालन यंत्री दीपक शर्मा, विभिन्न जोनों के अधिकारी, उपयंत्री तथा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम से वर्षा जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### योजना बनाई

निगम द्वारा जिन प्रमुख स्थानों पर पौधारोपण की योजना बनाई गई है। उनमें विक्रम विश्वविद्यालय, एमआर-5 ट्रांसफर स्टेशन, मेघदूत पार्किंग के पीछे का क्षेत्र, चकोर पार्क, शक्तिपथ रोड, शहर के 400 से अधिक उद्यान, प्रमुख मार्गों के किनारे, विभिन्न जलाशयों के आसपास, पॉलिटेक्निक कॉलेज, कपिला गौशाला, काल भैरव क्षेत्र और गोंदिया टेचिंग ग्राउंड सहित कई सरकारी एवं संस्थानिक भूमि शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि एक बड़ा पेड़ प्रतिदिन कई लोगों के लिए आवश्यक ऑक्सीजन उपलब्ध कराता है। ऐसे में यदि प्रत्येक नागरिक एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित करे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, ठंडा वातावरण और बेहतर जीवन मिल सकता है।

# युवती को बड़नगर बुलाकर दुष्कर्म करने वाला पकड़ाया

**उज्जैन। इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद शादी का झांसा देकर मुंबई की युवती को बड़नगर बुलाकर दुष्कर्म करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।**

बड़नगर थाना पुलिस ने बताया कि 2 दिन पहले रात 2 बजे के लगभग मुम्बई के दादार स्थित हॉस्टल में रहने वाली युवती ने थाने आकर मौखिक शिकायत दर्ज कराई कि उसको शादी का झांसा देकर विकास उर्फ अंकित पिता जगदीश शर्मा ने बुलाया था। वह बड़नगर आई तो उसके साथ एक मकान में गलत काम किया गया। मामला गंभीर होने पर युवती की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया और विकास शर्मा की तलाश शुरू की गई। इस दौरान सामने आया कि विकास शर्मा मूलरूप से उज्जैन स्थित ग्यास का बाड़ा क्षेत्र का रहने वाला है और बड़नगर में बैंड बजाने का काम करता है। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने उसकी गिरफ्तारी के लिये टीम बनाई। टीम ने उज्जैन और बड़नगर में तलाश करते हुए 24 घंटे में विकास शर्मा को हिरासत में ले लिया। जिसे गुरुवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है। युवती ने पुलिस को बताया था कि 15 दिन पहले इंस्टाग्राम पर विकास से दोस्ती हुई थी। कुछ दिन बातचीत हुई। विकास ने कहा कि शादी करना चाहता है। वह मिलने के लिये मुम्बई से इंदौर आई। जहां से विकास ने बड़नगर बुला लिया था।

# अग्नि अखाड़ा में नि :शुल्क अन्नक्षेत्र शुरू

**उज्जैन।** श्री पंच अग्नि अखाड़ा, सदावल रोड में शुक्रवार को ब्रह्मलीन सुदामानंद लाल बाबा के जन्मोत्सव के अवसर पर नि:शुल्क अन्नक्षेत्र का शुभारंभ किया गया। अन्न क्षेत्र का शुभारंभ कार्यक्रम अखाड़ा के सभापति पूज्य मुक्तानंद बापू की अध्यक्षता एवं सानिध्य में संपन्न हुआ।

स्थानाधिपति महंत विचित्रानंद महाराज ने बताया कि आगामी सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए इस अन्नक्षेत्र की शुरुआत की गई है, ताकि बाहर से आने वाले संत-महात्मा, साधु-संत और श्रद्धालु भक्तों को नि:शुल्क भोजन की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व एक भव्य, दिव्य और अलौकिक अनुभव होगा। उज्जैन में सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा निरंतर विकास के कार्य किए जा रहे है। अन्नक्षेत्र संचालन समय प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक और शाम 8 बजे से 9 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह अन्नक्षेत्र महंत विचित्रानंद महाराज के मार्गदर्शन में प्रतिदिन नियमित रूप से संचालित होगा। इस दौरान मुक्तानंद बापू, सत्य गिरी महाराज सहित पत्रकार आदि मौजूद थे।

## एक नजर में



### निबंध सहित अन्य स्पर्धाएं की आयोजित

**उज्जैन।** शासकीय कालिदास कन्या अग्रणी महाविद्यालय, उज्जैन में प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी मीरा यादव के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत विविध जन-जागरूकता एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत निबंध, पोस्टर, स्लोगन, वाद-विवाद, भाषण, व्याख्यान एवं पंपलेट निर्माण जैसी अनेक प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में उज्जैन जिले के लगभग 17 महाविद्यालयों के 1872 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जल संरक्षण के प्रति अपनी जागरूकता, संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। इसके अतिरिक्त जन-जागरूकता अभियान, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण तथा जल स्त्रोतों के संवर्धन से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से समाज में जल संरक्षण का व्यापक संदेश प्रसारित किया गया। प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को जल के महत्व को समझते हुए जागरूक एवं सक्रिय होना चाहिए। अंत में महाविद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों एवं नागरिकों से जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के लिए सक्रिय सहभागिता निभाने का आव्हान किया।



### बास्केटबाल की उज्जैन बालिका टीम की घोषणा

**उज्जैन।** शहर में आयोजित होने वाली मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय सब जूनियर बास्केटबॉल लीग 2026 के लिए उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन की बालिका टीम की घोषणा कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण चैंपियनशिप के लिए टीम का नेतृत्व मेहरप्रीत कौर सचदेवा को सौंपा गया है। एसोसिएशन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि इस राज्य स्तरीय स्पर्धा की मेजबानी उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा की जा रही है। समारोह में मुख्य अतिथि शैलेंद्र व्यास की उपस्थिति में बालिका टीम की घोषणा की गई और सभी चयनित खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान की गई। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी शैलेंद्र टाइटस, संगठन की अध्यक्ष ज्योति शर्मा, मनीषा पंवार, मनीष धनौरिया, प्रगति जैन, समीक्षा भदौरिया और अर्चना टाइटस विशेष रूप से उपस्थित रहे। चयनित बालिका टीम में मेहरप्रीत कौर सचदेवा कप्तान, सुप्रिया नागर, ध्रुवी भावसार, आर्ना मिश्रा, धान्या मोदी, प्रतीका सोनी, अद्वैता झाला, आरवी शर्मा, कृषि शर्मा, दृष्टि शर्मा, आन्या राठौर और आराध्या गर्ग शामिल हैं।

### सद्गुरु कबीर प्राकट्य संत समागम कल

**उज्जैन।** श्री सद्गुरु कबीर धर्मदास जी वंशावली सेवा समिति उज्जैन के तत्वावधान में रविवार को सद्गुरु कबीर प्राकट्य संत समागम समारोह किया जा रहा है। कार्यक्रम नक्षत्र होटल के पास राज विलास पैलेस में संपन्न होगा। प्रहलाद मालवीय ने बताया कि शुरुआत सुबह 9 बजे से होगी। इसमें विभिन्न संत-महंतों द्वारा सत्संग, भजन और प्रवचन दिए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान बांधवगढ़ के महंत हरिदास के करकमलों द्वारा आनंदी चोका आरती संपन्न की जाएगी। इसके पश्चात सुंदर लाल मालवीय सुवासा और भजन मंडल द्वारा कबीर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, जितेंद्र अग्रवाल, संघ के सचिव हजारीलाल मालवीय और तराना के पूर्व राज्यमंत्री बाबूलाल मालवीय उपस्थित रहेंगे।

## आज होगा तुलसी शालिग्राम विवाह

**उज्जैन।** पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत अंकपात मार्ग स्थित श्री आचार्य महाप्रभुजी की बैठक में आज शनिवार शाम 6.30 बजे भव्य चवरी मनोरथ का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शालिग्राम और तुलसी जी का विवाह संपन्न होगा। दीपक राजवानी ने बताया कि यह आयोजन श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, महिला मंडल एवं युवा मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में किया जा रहा है। विवाह से पूर्व सुरभि गार्डन से गाजे-बाजे, डीजे और घोड़ी-बग्घी के साथ भव्य बारात निकाली जाएगी। यह बारात मार्ग का भ्रमण करते हुए महाप्रभुजी की बैठक पहुंचेगी, जहां पुष्पवर्षा से स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात ठाकुर जी के दर्शन होंगे और पूरी श्रद्धा व धूमधाम के साथ विवाह उत्सव मनाया जाएगा।

# ट्राले से टकराई कश्मीर से लौट रहे परिवार की कार

- पत्नी की मौत पति घायल, गरोठ मार्ग पर हुआ था हादसा

**उज्जैन।** गरोठ मार्ग पर शुक्रवार को कार और ट्राले के बीच भिड़ंत गई। दुर्घटना में कार सवार महिला की मौत हो गई और पति घायल हुआ है। मासूम की जान बच गई। परिवार कश्मीर से लौट रहा था।

मक्सी रोड स्थित ताजपुर का रहने वाला खान परिवार कुछ दिन पहले घूमने के लिए कश्मीर गया था। जहां से अपनी कार में सवार होकर परिवार का जुबेर खान पत्नी रुबबया और मासूम बेटे उबैद के साथ वापस लौट रहा था सुबह झारडा थाना क्षेत्र के गरोठ मार्ग पर उनकी कार ट्राले से टकरा गई। दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद लोग मौके पर पहुंचे। जिन्होंने घटनाक्रम देखा तो कार में मासूम बच्चा भी था जिसे चोट नहीं लगी थी। तत्काल उसे बाहर निकाला गया और एंबुलेंस को सूचना देखकर घायल पति-पत्नी को उज्जैन अस्पताल भेजा गया। चरक अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद रुबबया को मृत घोषित कर दिया। पति को उपचार के लिए भर्ती किया गया है। दुर्घटना की जानकारी लगते ही परिवार चरक अस्पताल पहुंच गया था। अस्पताल की ओर से कोतवाली पुलिस चौकी को सूचना दी गई जहां मर्ग कायम कर मृतक महिला का पोस्टमार्टम कराया।

### सांदीपनि आश्रम में महिलाओं ने चुराई सोने की चेन

उज्जैन। 84 महादेव मंदिरों में शामिल एक महादेव का मंदिर सांदीपनि आश्रम में बना हुआ है। जहां दर्शन के दौरान महिला श्रद्धालु के गले से सोने की चेन चोरी हो गई। आश्रम में लगे कैमरे देखने पर वारदात करते 3 महिला दिखाई दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तीनों की तलाश शुरू की है। कानीपुरा मार्ग नागेश्वरधाम कालोनी में रहने वाली श्यामली पति जितेन्द्र अग्रवाल बुधवार को 84 महादेव मंदिर के दर्शन पर निकली थी। इस दौरान वह सांदीपनी आश्रम में महादेव मंदिर पहुंची। जहां दर्शन के बाद बाहर आई तो उनके गले से सवा तोला वजनी पुश्तैनी चेन गायब थी। श्रद्धालु महिला ने अपने देवर मनीष अग्रवाल को चेन गायब होने की जानकरी दी। मनीष के आने पर आश्रम पहुंचा और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक कराये। जिसमें तीन महिलायें वारदात को अंजाम देती दिखाई दीं। चेन चोरी होने की शिकायत जीवाजीगंज थाना पुलिस को दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी प्रतिक शर्मा ने बताया कि फुटेज के आधार पर तीनों महिलाओं की तलाश शुरू की गई है। बताया जा रहा है कि सीसीटीवी कैमरे में एक महिला ने पिंक साड़ी और दूसरी ने पीली साड़ी पहनी थी। तीसरी महिला सूट पहने थी और चश्मा लगा रखा था। उसने नीला स्क्रॉल डाल रखा था। जिसे श्यामली अग्रवाल की गर्दन पर अपना दुपट्टा रखा और बड़ी सफाई के साथ चेन तोड़कर चोरी कर ली। पुलिस फुटेज समाने आने के बाद तीनों महिलाओं के भागने वाले रास्ते को ट्रेस कर रही है।

## शूटिंग बॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश बना विजेता

**उज्जैन।** अखिल भारतीय 50+ शूटिंग बॉल प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान के कोटा में आदर्श क्लब पुलिस लाइन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की 13 टीमों ने भाग लिया। जानकारी देते हुए सलीम अहमद ने बताया कि आफाक अहमद की कप्तानी में मध्य प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी टीमों को पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। टीम के कोच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहम्मद रफीक अंसारी रहे। प्रतियोगिता के दौरान शूटिंग बॉल के भास्कर राव भागवत को विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। विजेता टीम में उज्जैन एवं इंदौर के खिलाड़ी शेर अली, रमेश सिहरा, सिकंदर भाई, राकेश देवड़ा, राजेंद्र चौधरी, राजा भाई, रजनीश ठाकुर, सुरेंद्र पाल, दिलीप दुबे, छोटे लाल सहित अन्य खिलाड़ी शामिल रहे। उपलब्धि पर स्वयंसेवी संगठनों ने विजेता टीम को बधाई दी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में नदी अनुभूति कार्यक्रम...

**उज्जैन। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन की नवांकुर संस्था देवी अवंतिका सामाजिक युवा कल्याण समिति द्वारा दिनांक 21 मई 2026 को गऊघाट पर शिप्रा नदी अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शिप्रा नदी के पूजन एवं आरती कर प्रारंभ किया गया।**

इस अवसर पर शिवप्रसाद मालवीय संभाग समन्वयक, जय दीक्षित जिला समन्वयक, अरुण व्यास विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद एवं सुनील भट्ट समाजसेवी अतिथि रहे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित नदी संवाद में नदियां केवल जल का स्त्रोत नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था, पर्यावरण और जीवन का आधार हैं। शिवप्रसाद मालवीय ने कहा कि नदी संरक्षण समाज के प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। जय दीक्षित ने युवाओं से सहभागिता का आव्हान किया। सुनील भट्ट ने कहा कि नदियां स्वच्छ और सुरक्षित रहेंगी तभी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रहेगा। अरुण व्यास ने कहा कि जल है तो कल है का संदेश प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है।



### कार्यक्रम में यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

कार्यक्रम में डॉ. शीतल कुमार शर्मा, छवि कदम (नगर विकास समिति वार्ड क्रमांक 8), समाजसेविका मोना सिंधे एवं रीता नरवरिया अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों ने शिप्रा नदी को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन करुणा शितोले ने किया एवं आभार छवि कदम ने माना।

## त्यागी महाराज को संत समाज ने दी श्रद्धांजलि

- मारवाड़ा माली समाज धर्मशाला में आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा

**उज्जैन।** पीपलीनाका स्थित पातेश्वर महादेव मंदिर व आश्रम के वयोवृद्ध महंत जयराम दास त्यागी महाराज के साकेत गमन पश्चात पीपलीनाका स्थित मारवाड़ा माली समाज धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के संत समाज और अनुयायियों ने महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

अध्यक्षता रामादल अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास ने की। सभा में उपस्थित संतों ने महाराज के तपोमय जीवन और उनके द्वारा किए गए सेवा कार्यों का स्मरण किया। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से महंत भगवान दास, महंत मुनिशरण दास, महंत दिग्विजय दास निर्वाणी, महंत हनुमान दास, महंत राघवेंद्र दास, महंत अरुण दास, महंत परमेश्वर दास त्यागी, महंत अर्पित दास, महंत रामदास, महंत भगवत दास, महंत ईश्वर दास, भाजपा नगर महामंत्री जगदीश पांचाल और जगदीश विश्वकर्मा सहित अन्य संत एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## शिप्रा तीर्थ परिक्रमा का भक्त को दिया आमंत्रण

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में 25 मई को रामघाट से मां क्षिप्रा एवं धर्मध्वजा के पूजन के साथ शिप्रा तीर्थ परिक्रमा का शुभारंभ होगा। इसी क्रम में मनोज शर्मा के नेतृत्व में महाकाल एवं रामघाट क्षेत्र में आमंत्रण अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं को शिप्रा तीर्थ परिक्रमा में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी उपस्थित थे। शिप्रा तीर्थ परिक्रमा 25 मई को प्रातः 9 बजे रामघाट से प्रारंभ होगी। परिक्रमा का समापन 26 मई को शाम 5 बजे मां क्षिप्रा को चुनरी अर्पित कर किया जाएगा। शर्मा ने बताया कि परिक्रमा करने से 33 करोड़ देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

मंगलनाथ मंदिर ▶ प्रशासन की व्यवस्था पर लोगों ने जताई प्रसन्नता

# मंगलनाथ मंदिर में दिव्यांग श्रद्धालुओं को कराए विशेष दर्शन

**उज्जैन।** कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार दिव्यांग श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिए मंदिरों में विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। इसी क्रम में श्री मंगलनाथ मंदिर की सचिव एवं तहसीलदार शैफाली जैन ने बताया कि श्री मंगलनाथ मंदिर में दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा एवं विशेष दर्शन व्यवस्था के अंतर्गत मंगलवार-शुक्रवार को दो दिव्यांग श्रद्धालुओं को विशेष दर्शन कराए गए।

मंदिर प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 19 मई 2026, मंगलवार को भगवान श्री मंगलनाथ के दर्शन के लिए पहुंचें एक दिव्यांग श्रद्धालु को मंदिर के निर्गम द्वार से ले जाकर सुगम दर्शन कराए गए। साथ ही मंदिर प्रशासन द्वारा कलश से हाथ लगवाकर भगवान को जल अर्पित करवाया गया। इसी क्रम में शुक्रवार, 22 मई को धनबाद, बिहार से आए दिव्यांग श्रद्धालु सिन्हा को भी विशेष व्यवस्था के तहत भगवान श्री मंगलनाथ के दर्शन कराए गए। मंदिर के आचार्यगणों द्वारा उन्हें कलश से हाथ लगवाकर जल अर्पण करवाया गया। दोनों श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रशासन की व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा परिवार सहित अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए।



### कलेक्टर ने देखी महाकाल में दर्शन व्यवस्था

उज्जैन। इस भीषण गर्मी में महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं का आगमन निरंतर जारी है। इसके साथ ही यहां पर महाकाल लोक को भी श्रद्धालु देखने पहुंच रहे हैं। इसी व्यवस्था में श्रद्धालुओं का कोई परेशानी ना हो इसको लेकर कलेक्टर एवं अध्यक्ष रोशन कुमार सिंह एवं प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने भगवान महाकाल के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं भीड़ प्रबंधन के लिए बड़ा गणेश हरसिद्धि मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं अध्यक्ष ने हरसिद्धि माता मंदिर चौराहा से बड़ा गणेश एवं मानसरोवर की ओर से प्रवेश के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के दर्शन पथ पर विक्रम टीला से प्रवेश स्थान से कतार प्रबंधन के लिए बेरीगेटिंग, धूप से बचाव, मेटिंग, पेयजल एवं जूता स्टैंड, क्लॉक रूम, लड्डू प्रसाद काउंटर, शीघ्र दर्शन काउंटर सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जावे एवं सतत निगरानी रखे जाने हेतु निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान नगर पालिका निगम सीईओ अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट एवं मंदिर के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।